प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. देश में आम चुनावों का ऐलान : 19 अप्रैल, से लेकर एक जून तक सात चरणों में होंगा लोकसभा चुनाव के लिये मतदान, मतगणना चार जून को।
2. 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और 40 फीसदी से ज्यादा विकलांग मतदाताओं को मिलेगी घर से वोट करने की सुविधा, एक करोड़ 82 लाख नये मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग।
3. उत्तर प्रदेश में सभी सातों चरणों में डाले जायेंगे वोट : लखनऊ में 20 मई को पांचवें चरण में होगा मतदान।

और

4. उत्तर प्रदेश लोकसभा आयोग ने चार भर्ती परीक्षाओं को स्थगित किया, जल्द होगा नई तारीखों का ऐलान।

————————

आगामी लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। ये चुनाव सात चरणों में कराये जाएंग। मतगणना चार जून को होगी। पहले चरण में अगले महीने की 19 तारीख को लोकसभा की 102 सीटों पर मतदान होगा। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 89 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। तीसरा चरण सात मई को होगा, जिसमें 94 सीटों पर मतदान होगा। चौथे चरण में 13 मई को 96 सीटों पर

वोट डाले जाएंगे। पांचवें चरण में 20 मई को 49 संसदीय सीटों पर मतदान होगा, जबकि छठे चरण में 25 मई को 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को 57 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। बाइट........

*इसमें फेस वन का शेडयूल एक दिन में हमें दो बार करना पड़ रहा है। सिर्फ बिहार के लिये वहां एक फेस्टिवल है तो नोटिफिकेशन की डेट सेम है लेकिन लास्ट डेट विदड्राल हमें 20 मार्च की जगह 2 अप्रैल सिर्फ बिहार की फर्स्ट फेज के लिये करनी पड़ रही है और 19 अप्रैल को यहां वोटिंग होगी और पूरी कंट्री में 4 जून को काउंटिंग होगी।*

निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली में आम चुनाव 2024 के साथ–साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की भी घोषणा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि कार्यक्रम घोषणा के साथ ही चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग भारतीय लोकतंत्र के सबसे बडे पर्व के लिए पूरी तरह तैयार है।

———————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि देश में 97 करोड पंजीकृत मतदाता हैं। मतदान के लिए साढे दस लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां डेढ करोड चुनाव कर्मियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन चुनावों में पहली बार वोट देने वाले एक करोड 82 लाख मतदाता होंगे। श्री कुमार ने बताया कि आयोग 85 वर्ष से अधिक

आयु के लोगों और दिव्यांगजनों को घर से ही मतदान करने की सुविधा प्रदान करेगा। बाइट......

*85 प्लस जितने वोटर्स है उनके हम घर जाने वोटे लेने के लिये तैयार है। नामिनेशन से पहले उनके घर में हम फार्म 12डी पहुंचायेंगे। देश के कुछ हिस्सों में घर पे वोटिंग हो चुकी है एससेम्बली इलेक्शन में कुछ राज्यों में अभी नहीं हुई है। अब आप पूरे देश में पहली बार ये व्यवस्था एक साथ लागू होगी कि जो 85 वर्ष से ऊपर के मतदाता है जो परसन डिसिवलेरी है 40 वर्ष और 40 फीसदी से ज्यादा की जिनको डिसिबलैटी है तो सबके पास हम फार्म पहुंचायेंगे। अगर वो ये आकर बाटेंगे कि वो बूथ पर नहीं आना चाहते घर पे करना चाहते है तो हम एक आदमी का वोट लेने घर में जायेंगे।*

उन्होंने यह भी बताया कि राजनीतिक पार्टियों को यह भी बताना होगा कि उन्होंने गम्भीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को चुनाव में क्यों उतारा। श्री राजीव कुमार ने कहा कि बाहुबल, धनबल, भ्रामक प्रचार और आदर्श आचार

चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि आयोग ने बाधाकारी चुनौतियों से निपटने के सभी कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि बाहुबल पर निगरानी रखने के लिए मतदान के दिन ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्यि निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनावों में खून–खराबा और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और यदि कहीं हिंसा हुई तो आयोग कडी कार्रवाई करेगा।

श्री कुमार ने बताया कि संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि शराब, नकदी, मादक पदार्थों और अन्य प्रकार की प्रलोभनकारी वस्तुओं को बांटे जाने पर नियंत्रण रखें। उन्होंने कहा कि आयोग ने नकदी के

हस्तांतरण पर भी कडो नजर रखने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव तंत्र को कचरा प्रबंधन और कागज के कम से कम उपयोग को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सिक्किम, ओडिसा, आंध्र–प्रदेश और अरूणाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की भी घोषणा की।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————————

उत्तर प्रदेश में सभी सात चरणों में लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराये जायेंगे। प्रदेश में 19 अप्रैल से लेकर एक जून तक विभिन्न चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में 19 अप्रैल को आठ लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना,

मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में वोट डाले जायेंगे।

दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़ और मथुरा सहित कुल आठ सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

तीसरे चरण में सात मई को वोट पड़ेंगे। जिनमें दस सीटों संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

चौथे चरण में 13 मई को शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच सहित 13 सीटों पर लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

पांचवें चरण में मोहनलाल गंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा सहित कुल 14 सीटों पर 20 मई को वोट डाले जायेंगे।

छठें चरण में कुल 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर सीटों पर वोट पड़ेंगे।

सातवें और अंतिम चरण में पूर्वांचल की 13 सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इसमें महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, सलेमपुर, घोसी, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वोटिंग होगी। सभी 80 सीटों की मतगणना चार जून को होगी।

—————————

लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। प्रदेश के सभी जनपदों में आचार संहिता का पालन करते हुये होर्डिंस और बैनर हटाये जा रहे है। इसके साथ ही चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने के लिये प्रशासन पूरी तैयारी कर रहा है।

बलरामपुर में जिला प्रशासन द्वारा चुनाव आचार संहिता लगते ही सार्वजनिक स्थानों से बैनर पोस्टर हटवाने का काम शुरू कर दिया गया। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा लोगों को आचार संहिता का पालन करने की चेतावनी दी जा रही है।

कुशीनगर में जिला प्रशासन ने बैनर पोस्टर उतरवाना शुरू कर दिया है। श्रावस्ती में आदर्श आचार संहिता लगते ही सभी जगह से राजनीतिक दलों के पोस्टर बैनर हटाने शुरू हो गए।

प्रदेश के वाराणसी, गाजीपुर, चंदौली, बदायूं, कौशाम्बी, मेरठ सहित विभिन्न शहरों से हमारे प्रतिनिधियों ने

जानकारी दी है कि पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार चुनाव प्रचार की होर्डिंग और बैनर हटाने में जुटी है।

———————

समाजवादी पार्टी ने आज लोकसभा चुनाव के लिये छह और प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया। इनमें गौतमबुद्ध नगर से डॉ0 महेन्द्र नागर, मिश्रिख से मनोज कुमार राजवंशी, सुल्तानपुर से भीम निषाद, इटावा से जितेन्द्र दोहरे, जालौन से नारायणदास अहिरवार और आजमगढ़ स धर्मेन्द्र यादव शामिल है।

———————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने चार और भर्ती परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। आयोग ने आज एक विज्ञप्ति में बताया कि स्टाफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक प्री–परीक्षा, सहायकनगर आयोजक परीक्षा, अपर निजी सचिव की शार्ट हैंड टाइपिंग परीक्षा तथा स्टॉफ नर्स एलोपैथी की मुख्य परीक्षा को स्थगित कर दिया है। आयोग द्वारा इन सभी परीक्षाओं के लिये नई तारीखों का एलान जल्द ही किया जायेगा।

———————

नवनीत कुमार सहगल प्रसार भारती के नये अध्यक्ष बन गए हैं। श्री सहगल भारतीय प्रशासनिक सेवा के उत्तर प्रदेश संवर्ग के 1988 बैच के सेवानिवृत अधिकारी हैं। वे प्रसार

भारती के पूर्व अध्यक्ष ए. सूर्यप्रकाश का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 2020 में समाप्तर हो गया था। श्री सहगल ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से कहा कि दूरदर्शन और आकाशवाणी की पहुंच दूरदराज़ के क्षेत्रों तक है और ये सूचना के भरोसेमंद स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आम लोगों तक निष्पक्ष खबर पहुंचाना प्रसार भारती का कर्तव्य है।

उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नेतृत्व् वाली चयन समिति की स्वीकृति के बाद, राष्ट्रपपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री नवनीत कुमार सहगल की प्रसार भारती के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की है।

(समाप्त)